तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 जून 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 संभाग स्तरीय शतरंज में कोरिया से 16 बच्चे शामिल



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## कोयलांचल नगरी चिरमिरी में अंजनहिल और बरतुंगा हिल अब ओपन कास्ट माइंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

14 साल बाद चिरमिरी क्षेत्र की जीवनदायनी कहे जाने वाली बंद पड़ी दो खदान अंजनहिल एवं बरतुंगा हिल को प्रबंधन के द्वारा निजी ठेका के तौर पर ओपन कास्ट माइंस प्रारंभ कर उत्पादन लिया जाएगा, इससे चिरमिरी क्षेत्र की पलायन की समस्या तथा स्थायित्व का हल निकलेगा ,जो क्षेत्र के लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा की गई एक अच्छी पहल है,क्योंकि किसी एक व्यवसाय के प्रारंभ होने से उससे जुड़े कई घटक व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त होता है।

- एसईसीएल निजी ठेका के जरिए करेगा संचालित, बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, रुकेगा पलायन

दोनों खदानों के चालू होने से क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। अंजनहिल माईन एवं बरतुंगा हिल को निजी हाथों में सौंपने का कांट्रेक्ट क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने कंपनी के मुखिया डॉक्टर पीएस मिश्रा के सकारात्मक सोच एवं दिशा-निर्देश के अनरूप साइन करते हुए दोनों खदानों के प्रतिनिधियों को नई परियोजना के शुभारंभ एवं उत्पादन की शुभकामनाएं दी है। ज्ञात हो कि अंजनहिल माईन अंजन माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर तथा दूसरी खदान को बरतुंगा कोल प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर कॉन्ट्रेक्ट साइन किया गया है। अंजन माईन प्राइवेट लिमिटेड में तीन ⏭ शेष पेज 4 पर




अंजहिल माइंस।




माइंस शुरू करने के लिए हस्ताक्षर करते अधिकारी।

### पांच कंपनी करेगी कोयला का उत्खनन

अंजन माईन प्राइवेट लिमिटेड एवं बरतुंगा कोल प्राइवेट लिमिटेड अंतर्गत पांच कंपनियां संयुक्त रूप से मिलकर कोयले का उत्पादन करेगी, इसमें ब्लैक जेम पावर लिमिटेड, इंडियन हाइड्रो इलेक्ट्रिकल पावर लिमिटेड तथा अनूप रोड करियर तीन कंपनी संयुक्त रूप से अंजन माईन प्राइवेट लिमिटेड में कार्य करेगी ,वहीं मिनिरल रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड तथा शारदा एनर्जी दो कंपनी मिलकर बरतुंगा हिल से कोयला उत्खनन करेगी।

### एसईसीएल के मुखिया की सार्थक सोच का परिणाम

महाप्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव ने क्षेत्र में दो खदानों के एग्रीमेंट अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कंपनी के सीएमडी डॉक्टर पीएस मिश्रा के सार्थक सोच की दिशा में कार्य करते हुए पुरानी माइंस के सहित खदानें खोलने की संभावनाएं तलाशी जा रही थी, बंद खदानों को पुनः चालू करने की दिशा में प्रबंधन द्वारा प्रयास प्रारंभ किया गया था।

## खबर संक्षेप

### भाजपा आज मनाएगी आपातकाल का काला दिवस



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी राष्टीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा सभी जिलों केन्द्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करेगी। इसी परिप्रेक्ष्य में एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सरगुजा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंग मेजर होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता जमुना पाण्डेय ने बताया कि कांग्रेस की सत्ता की लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया। उस काले अध्याय को देश की जनता को स्मरण कराने भाजपा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाती है। मनेन्द्रगढ़ में भी इसी क्रम में आपातकाल का काला दिवस का आयोजन किया जाना है।

### महारानी दुर्गावती का 460 वीं बलिदान दिवस मना



**बैकुण्ठपुर।** सर्व आदिवासी भवन बैकुंठपुर में 24 जून को वीरांगना महारानी दुर्गावती का 460 वीं बलिदान दिवस मनाया गया। इसमें गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन एवं सर्व आदिवासी समाज कोरिया के तत्वाधान में यह कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम महारानी दुर्गावती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात वक्ताओं द्वारा महारानी दुर्गावती की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील आयाम, महासचिव पूजा पोया एवं सर्व आदिवासी समाज के सचिव विजय सिंह पोया, शिवमंगल सिंह, महेन्द्र सिंह, दिनेश राज, एलएस उदय, कृष्णा कुमार, सर्व आदिवासी समाज उपाध्यक्ष आदिवासी नीरा सिंह कुसरो, गीता खलखो, ममता पोया, वंदना राज, सुखमन, निरमा सिंह सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### प्रधान पाठक के लिए रिक्त पदों पर शीघ्र हो पदोन्नति



**बैकुण्ठपुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष बीरेन्द्र बहादुर तिवारी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता से मिलकर जिले में रिक्त प्राथमिक प्रधान पाठक के पदों की पूर्ति के लिए सहायक शिक्षकों वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति पूर्ण करने की मांग की। जिला शिक्षाधिकारी ने एक सप्ताह के अंदर निराकरण कर पदोन्नति का आश्वासन दिया। साथ ही जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने शिक्षकों के सीजी पीएफ के खातों के संधारण की बात रखी गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से बात कर इससे जल्द संधारित के निर्देश दिए।

### शैक्षणिक संस्थानों में मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

## कल से खुलेंगे स्कूलों के पट, लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

दो माह के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जिलेभर के सरकारी विद्यालय 26 जून से खुलेंगे। इसके पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश जारी कर दिए थे, इसके पालन में समस्त विद्यालयों में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को बनाना शुरू कर दिए थे, जिसके बाद 26 जून से नियमित रूप से समस्त शासकीय विद्यालय खुल जाएंगे, इससे कि बच्चों एवं शिक्षकों को विद्यालय नियमित रूप से आना होगा।

- कई जर्जर विद्यालयों में फिर से होगा अध्यापन कार्य

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने 20 अप्रैल से ही बच्चों को ग्रीष्मावकाश दे दिया था,जो कि 15 जून तक के लिए घोषित रहा, लेकिन इसके दूसरे दिन 16 जून को रविवार अवकाश एवं इसके अगले दिन 17 जून को बकरीद पर्व का अवकाश रहने के कारण 18 जून से स्कूल खोला जाना था, लेकिन भीषण गर्मी के कारण राज्य शासन ने एक सप्ताह और अवकाश की अवधि बढ़ा दी, जिसके बाद अब नए शिक्षा सत्र में समस्त विद्यालय 26 जून से खुल जाएंगे। इस तरह इस वर्ष दो माह का ग्रीष्मावकाश मिला। इस वर्ष मानसूनी ब्रेक के कारण तेज धूप का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा नए शिक्षा सत्र के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है, जिसके अनुसार अध्यन-अध्यापन का कार्य चलेगा, इससे पूरे साल में होने वाले गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। इस तरह लगभग दो माह के ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूलों के पट कल से खुलेंगे, जिससे कि स्कूलों में फिर से रौनक लौट आएगी।



फाइल फोटो

### निःशुल्क किताब एवं गणवेश वितरण

26 जून को स्कूल खुलने के साथ ही प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को कक्षानुसार निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जाएगा, इसके अलावा सभी विद्यार्थियों एवं नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक के साथ दो जोड़ी गणवेश भी निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। शाला प्रवेशोत्सव कुछ दिनों तक चलता रहेगा, इसके साथ ही विद्यालयों में विभिन्न तरह की गतिविधियां भी शुरू हो जाएगी। अध्यन-अध्यापन का कार्य भी शुरू हो जाएगा।

### शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियां जोरों से

26 जून से जिलेभर के स्कूल खुल रहे हैं। विद्यालय खुलने के पहले दिन जिलेभर के विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाना है, वहीं ब्लाक स्तरीय व जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाने की भी तैयारियां की जा रही है। विद्यालय स्तर पर मनाए जाने वाले शाला प्रवेशोत्सव में विद्यालय प्रबंधन द्वारा शाला विकास समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पालकों को आमंत्रित करेंगे तथा नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। वहीं ब्लाक स्तर पर किसी एक विद्यालय में आयोजित होने वाले शाला प्रवेशोत्सव में जनप्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि बनाया गया है, वहीं इसमें विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी व अन्य अधिकारी शामिल होंगे। जिन संकुल क्षेत्र में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाना है, वहां वृहद तरीके से शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियां चल रही है।

### जर्जर स्कूलों में फिर होगी पढ़ाई

कोरिया-एमसीबी जिले में अब भी कई विद्यालय जर्जर स्थिति में है, जिनका अब तक सुधार कार्य नहीं हो पाया है, इसके बीच कल से जर्जर स्कूलों में भी स्कूल खोलने की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने जर्जर स्कूलों की हालत सुधारने के लिए मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के तहत मरम्मत योग्य विद्यालयों के लिए राशि जारी की थी, जिसका सुधार कार्य कराया गया। इसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। वहीं कई विद्यालय ऐसे भी हैं, जिनका मरम्मत की जरूरत है, लेकिन ऐसे स्कूलों का मरम्मत कार्य अब तक नहीं हो पाया है और कल से विद्यालय खोलने की तैयारी है।

## कांग्रेसी पार्षदों के वार्डों में नहीं हो रहा काम



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के नगर पंचायत खोंगापानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक में वार्षिक निविदा के द्वारा मरम्मत कार्य करवाए जाने और विभिन्न वार्डो में स्ट्रीट लाइट लगवाने के संबंध में कांग्रेस के 6 पार्षदों के द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण कुमार एक्का से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपे।

- नाराज 6 पार्षदों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

नेता प्रतिपक्ष और वार्ड नंबर 4 एकतानगर के पार्षद जगदीश मधुकर के नेतृत्व में नगर पंचायत खोंगापानी के उपाध्यक्ष और पार्षद वार्ड क्रमांक 1 राजाराम कोल, वार्ड क्रमांक 15 पार्षद विजय सिंह, वार्ड क्रमांक 13 पार्षद कमलभान चौधरी, वार्ड क्रमांक 7 पार्षद सरोज वकील चौधरी, वार्ड क्रमांक 6 पार्षद धर्मेन्द्र कोल के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में लेख किया गया है कि पिछले वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-2024 में वार्षिक निविदा टेंडर हुआ था, इसमें किसी भी वार्डों में कोई कार्य नहीं किया गया। मरम्मत संधारण (वार्षिक निविदा) में ना तो मरम्मत और ना ही निर्माण कार्य किया जा रहा है, इससे नगरवासियों को मूलभूत सुविधा प्राप्त नहीं हो रही है, इससे प्रत्येक वार्ड के वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड क्रमांक 1 से ⏭ शेष पेज 4 पर

## तीन सूत्रीय मांगों पर स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल



ये कर्मी थे हड़ताल में शामिल।

**मनेन्द्रगढ़।** छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को आंदोलन में रहे, लेकिन देर शाम सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के साथ सार्थक चर्चा होने के बाद हड़ताल खत्म होने की सूचना जारी कर दी गई है।

विदित हो कि जिला मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में कर्मचारियों द्वारा श्री सांई मंदिर के निकट धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। इसमें अपने 15 माह के कार्य आधारित वेतन, गृहग्राम में स्थानांतरण एवं महिला कर्मचारियों की सुरक्षा व कांकेर जिला के जिला संयोजक पवन कुमार वर्मा की बहाली को लेकर आवाज बुलंद की गई। उक्त आंदोलन में प्रांतीय महामंत्री दीवान, जिलाध्यक्ष अरूण ताम्रकार, जिला महामंत्री रोहित मिश्रा, शैलेन्द्र मिश्रा, मोहम्मद आफताब, सीएचओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज कुमार, ब्लॉक संयोजक ज्ञान सिंह सहित जनकपुर एवं खड़गवां के अन्य कर्मचारी खुशबू, रिया, मीना, धनेश्वरी, शुभम सहित 50 से ज्यादा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में मृगांक और श्रेयांश अव्वल



**डोमनहिल।** शतरंज में डीएवी चिरमिरी के छात्रों का कमाल खेल व युवा कल्याण विभाग और शतरंज संघ सरगुजा द्वारा दो दिवसीय सरगुजा संभागीय शतरंज प्रतियोगिता 22 और 23 जून को अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ। इस संभागीय स्पर्धा में 6 जिले से अलग-अलग वर्ग के कुल 300 खिलाड़ी अपने दिमागी ताकत दिखाने पहुंचे। 2 दिन चली इस स्पर्धा में चिरमिरी के कक्षा 1 के मृगांक शर्मा और कक्षा 8 के श्रेयांश मिश्रा द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया। मृगांक शर्मा जो 5 वर्ष के हैं। उन्होंने यंगेस्ट प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट और अंडर 9 बॉयाज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मृगांक को 7 अंकों में 4 अंक प्राप्त हुए। वहीं श्रेयांश मिश्रा ने अंडर 15 बॉयज कैटेगरी में 150 से अधिक प्रतियोगियों से जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्रेयांश को 7 अंकों में 6-5 अंक प्राप्त हुए। श्रेयांश ने पहले दोनों स्थान पर आए प्रतियोगियों के साथ समान 6-5 अंक अर्जित किए। विजेता का फैसला टाई ब्रेकर से हुआ। मृगांक एवं श्रेयांश ने अपनी सफलता का श्रेय डीएवी चिरमिरी के प्राचार्य एसके पांडेय, गेम टीचर श्रीमती सीमा सिंह, शिक्षक योगेश एवं अपने मित्रों को दिया है।

## नीट परीक्षा में घोटाले का युकां ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला युवा कांग्रेस कोरिया के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुमन दुबे के नेतृत्व में नीट और यूजीसी नीट परीक्षा घोटालों में छात्रों के साथ हो रहे धोखाधड़ी के खिलाफ केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का भारतीय युवा कांग्रेस के राष्टीय महासचिव व युकां छग प्रदेश प्रभारी सुश्री डॉ.पलक वर्मा, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्टीय संयोजक व कोरबा लोकसभा प्रभारी चंदन कुमार राय, छग प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेशध्यक्ष आकाश शर्मा, छग प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व कोरिया जिला प्रभारी सुश्री प्रीतिका विश्वकर्मा के निर्देशानुसार जिला युवा कांग्रेस कोरिया के द्वारा सोमवार को बैकुंठपुर मुख्यालय के कुमार चौक में विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाया गया।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, प्रवक्ता आशीष डबरे, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, अर्पित गुप्ता, पार्षद अंकित गुप्ता, पार्षद मनीष, पूर्व एल्डरमैन मोनू मॉझी, चरचा नगर पालिका के पार्षद रामाधार टोप्पो, पार्षद प्रदीप राजवाड़े, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष इंसु खान, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशु कुजूर, जिला उपाध्यक्ष फरोग सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष सनी, बुधराम, राहुल बघेल, सूरज, विशाल, पियूष सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्षेत्र में बारिश के बाद तेजी से पकने लगे जामुन

## बाजार में आए रसीले जामुन, 40 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात की शुरूआत होने से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों से कई व्यापारियों के द्वारा रसीले जामुन की बिक्री के लिए जिला मुख्यालय के बाजार में पहुंच रहे हैं।

कुछ दिनों पूर्व जहां कुछ ही व्यापारी जामुन लेकर शहर के बाजार में पहुंचते थे, वहीं जिले के कई क्षेत्रों में बारिश हो जाने के बाद जामुन तेजी से पकने लगे, ऐसी स्थिति में जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से ग्रामीण व्यापारी पके जामुन के फल को शहर के बाजार में बिक्री करने के लिए पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय बाजार में ग्रामीणों द्वारा लाए गए जामुन को सोमवार को 50 रूपए प्रति किलों की दर से बिक्री किया जा रहा था, जबकि एक सप्ताह पूर्व जब जामुन की शुरूआती आवक हुई थी, उस दौरान जामुन ज्यादा पके नहीं थे, तब बाजार में जामुन 40 रूपए प्रति किलो की दर से बिक्री किया जा रहा था, लेकिन अब शहर के बाजार में कई व्यापारियों के द्वारा पके जामुन बिक्री के लिए लाए जा रहे हैं, तब इसकी कीमत कम होने की बजाए सोमवार को 50 रूपए किलो की दर से बिक्री किया जा रहा था। हालांकि आने वाले कुछ ही समय में जब अधिक संख्या में व्यापारियों के द्वारा बाजार में पके जामुन लाना शुरू कर देंगे, तब शायद उच्च स्तर के दाम में भी गिरावट देखने को मिलेगी। बहरहाल वर्तमान में पके जामुन की कीमत अधिक होने के बावजूद कई लोगों के द्वारा सीजन के इस फल को खरीदने में कीमत नहीं देख रहे हैं। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों से लाए व्यापारियों द्वारा जामुन के उच्च दाम में कमी नहीं कर रहे हैं।



### मधुमेह के लिए लाभदायक

सीजन के प्रमुख फलों में से एक जामुन सिर्फ फल ही नहीं है, बल्कि इसमें औषधीय गुण भी है, इसके कारण कई लोग स्वाद लेने के लिए ही नहीं बल्कि सेहत के लिए भी खाते हैं। जानकारी के अनुसार जामुन का फल मधुमेह की बीमारी में लाभदायक है, इसके फल ही नहीं बल्कि जामुन की गुठलियों का चूर्ण बनाकर प्रतिदिन लेने से मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक होता है। इसके अलावा जामुन फल कई तरह के बीमारियों में भी उपयोगी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कौड़ी के भाव

शहरी क्षेत्रों में भले ही जामुन का फल 50 रूपए प्रति किलो के भाव से बिक्री किया जा रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जामुन के खरीददार नहीं है। ज्यादातर ग्रामीण अपने गांव क्षेत्र में स्थित पेड़ों से ही जामुन प्राप्त कर लेते हैं, इसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में कौड़ी के भाव भी ज्यादा लोग नहीं पूछ रहे हैं।

## साहित्यिक पत्रिका में मनेंद्रगढ़ के संस्मरणों को मिला विशिष्ट स्थान

**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय एवं अंतरराष्टीय सामाजिक साहित्यिक गतिविधियों एवं प्रकाशन में सक्रिय मनेन्द्रगढ़ निवासी सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. मृदुला सिंह एवं डी लिट डॉ.तनुजा चौधरी के संपादन में जबलपुर से प्रकाशित साहित्यिक कृति स्मृति के पल में मनेन्द्रगढ़ एमसीबी जिले के लेखकों के संस्मरणों को राष्टीय स्तर पर स्थान दिया गया है।

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में पदस्थ डॉ.मृदुला सिंह, राष्टीय एवं अंतरराष्टीय स्तर पर शोध पत्रो का वाचन करने एवं मॉरीशस साहित्य अकादमी द्वारा वाग्देवी देवी कहानी अलंकरण से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.तनुजा चौधरी ने अपने संकलन में उत्कृष्टता के आधार पर वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय, विजय नर्सरी स्कूल की संचालिका श्रीमती इंदिरा सेंगर, ब्लॉसम एकेडमी स्कूल के निर्देशक जसपाल सिंह कालरा, विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के सचिव संजय सेंगर, विद्यालय के शिक्षक उपकार शर्मा के प्रेरक प्रसंगों एवं जीवन की घटनाओं से जुड़े संस्मरणों को प्रमुखता से स्थान दिया है। डॉ. मृदुला सिंह की प्रारंभिक शिक्षा एवं साहित्यिक गतिविधियां मनेन्द्रगढ़ से प्रारंभ हुई है। स्मृति के पल प्रकाशित साहित्यिक कृति के बारे में डॉ.मृदुला सिंह ने बताया कि संस्मरण में जीवन के अनेक पहलू शामिल होते हैं, जो व्यक्तित्व एवं स्वयं के विविध पहलुओं की आईना होते हैं। जीवन के कुछ संस्मरण जीवन को दिशा बदलने एवं व्यक्तित्व को संवारने वाले होते हैं। डॉ.तनुजा चौधरी ने कहा कि संस्मरण जीवन का फ्लैशबैक होता है,इसमें भौतिक रूप से कई स्मृतियां गुथी होती हैं। उन्होंने कहा कि संकलन में शामिल संस्मरण व्यक्तित्व निर्माण में योगदान देने एवं जीवन को उचित दिशा देने वाले हैं। डॉ.तनूजा चौधरी एवं डॉ.मृदुला सिंह ने मनेन्द्रगढ़ के लेखकों श्रीमती इंदिरा सेंगर, सतीश उपाध्याय, संजय सेंगर, जसपाल सिंह कालरा, उपकार शर्मा के प्रति आभार ज्ञापित किया है।

24-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/24/2024 8:21 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### एसजीजीयू ने यूजी में प्रवेश के लिए खोला पोर्टल, पंजीयन 30 तक

**अम्बिकापुर**। संत गहिरा गुरू विवि ने नवीन शिक्षा सत्र के लिए स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। विवि ने प्रवेश पंजीयन के लिए अपना पोर्टल खोला है। विद्यार्थी अपने पसंद के कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए एसजीजीयू के पोर्टल पर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं।इस बार नई शिक्षा नीति के तहत सभी कॉलेजों में 4 वर्षीय पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। प्रायोगिक तौर पर शासन ने इस पाठ्यक्रम को प्रदेश के स्वशासी कॉलेजों में प्रारम्भ किया था। राजीव गांधी पीजी कॉलेज में भी चार वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित हो रहा था। पीजी कॉलेज पिछले दो वर्षों से स्वयं के पोर्टल पर प्रवेश के लिए आवेदन मंगा रहा था। अब सभी कॉलेजों में एक समान पाठ्यक्रम संचालित होने के कारण पीजी कॉलेज पीजी कॉलेज सहित एसजीजीयू से सम्बद्ध संभाग के सभी 86 शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को एसजीजीयू के पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवि संबन्धित कॉलेजों को विद्यार्थियों की सूची भेजेगा। कॉलेज प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश देंगें। कुल सचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि आवश्यकता पड़ी तो आवेदन की तिथि बढ़ाई जाएगी लेकिन हर हाल में 14 अगस्त के पूर्व प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इस सम्बंध में प्राचार्यों को भी विभिन्न माध्यमों से विद्यार्थियों को सूचना देने के लिए कहा गया है ताकि समय पर प्रवेश की प्रकिया पूरी की जा सके।

### राशन कार्ड का नवीनीकरण ई-केवाईसी 30 तक

**बलरामपुर**। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी के लिए 30 जून अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ई-केवाईसी कराने के लिए राशन कार्ड में शामिल कम से कम एक सदस्य का ई-केवाईसी पूर्ण हो। ऐसे हितग्राही जो शारीरिक रूप से निःशक्त हैं तथा उनके लिए नॉमिनी नियुक्त हैं उन्हें इस प्रावधान से छूट होगी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम हितग्राही को खाद्य विभाग के वेबसाइट में जाकर राशन कार्ड नवीनीकरण एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर नियमानुसार दो विकल्प में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। खाद्य विभाग के एप के माध्यम से राशन कार्ड में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके अलावा उचित मूल्य दुकान संचालक के टेबलेट, मोबाइल में इंस्टॉल विभागीय एप के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कराकर अथवा अपना राशनकार्ड नंबर तथा मोबाइल नंबर दर्ज कराकर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। ऑफलाइन मोड पर इलेक्ट्रॉनिक आवेदन प्रस्तुत करने के साथ-साथ आवेदक द्वारा लिखित आवेदन भी उचित मूल्य दुकान में जमा करना होगा। नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के 30 दिवस के भीतर आपके ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय के माध्यम से सामान्य (एपीएल) कार्ड को छोड़कर शेष सभी कार्ड निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। सामान्य (एपीएल) कार्ड हेतु 10 रुपये की राशि निर्धारित है। नया राशनकार्ड प्राप्त करते समय वर्तमान में हितग्राही के पास उपलब्ध पुराना राशनकार्ड समर्पित किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने जिले के राशन कार्डधारियों से कहा है कि राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों का ई-केवाईसी का कार्य 30 जून 2024 तक अवश्य पूर्ण कराएं।

### शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष का किया गया भव्य स्वागत



**कुसमी**। नगर पंचायत कुसमी में छत्तीसगढ़ के शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता के आगमन पर शौण्डिक समाज के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ब्लाक के अध्यक्ष अरुण गुप्ता के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार जिला बलरामपुर में शौण्डिक समाज का भवन निर्माण हो रहा है उसी प्रकार कुसमी में भी सभी को मिलकर शौण्डिक समाज के सामाजिक भवन निर्माण कराना है। उन्होंने समाज के उत्थान एवं विकास के साथ एकजुटता एवं एक दूसरे की सहायता करने की बात कही। शौण्डिक समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन से समाज के लोगों को नई ऊर्जा मिली है जिससे अब समाज के विकास के लिए और तेजी से कार्य हो सकेंगे। बैठक के दौरान शौण्डिक समाज के जनक देव गुप्ता, श्याम बिहारी गुप्ता, बृजमोहन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बीके गुप्ता, सुनील गुप्ता, आलोक गुप्ता, दशरथ गुप्ता, विशाल गुप्ता, विवेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### कल्याणपुर में अज्ञात महिला की नाला में पड़ी मिली लाश

**बिश्रामपुर**। लटोरी पुलिस चौकी के ग्राम कल्याणपुर खुठहेनपारा स्थित चंबोथी नाला में रविवार को एक चालीस वर्षीया अज्ञात महिला का शव पानी में सड़े गले हाल में पुलिस ने बरामद किया है। लटोरी चौकी प्रभारी विराट बिशि ने बताया कि कल्याणपुर सरपंच पति कि सूचना पर पुलिस ने एफ एस एल टीम के साथ मौके पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से महिला का शव पानी से बाहर निकालकर शव का पंचनामा व पीएम की कार्यवाही पूरी कराते हुए शव की वीडियोग्राफी करने के बाद दफना दिया गया है।मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।पुलिस ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना होने के कारण एवं पानी में पड़े रहने से फूल कर सड़ चुका था जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है ।

---

ननि एवं पीएमजीएसवाई ने बना दी सड़कें

# विद्युत विभाग की भूमि में अवैध अतिक्रमण के कारण अटका 33 केवी फीडर विस्तार का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा शहर के बिशुनपुर में विद्युत वितरण कंपनी को आवंटित भूमि में अवैध अतिक्रमण के 132 केवी एवं 33 केवी के विस्तार का कार्य अटक गया है। विभाग पिछले पांच सालों से लगातार भूमि का सीमांकन कर रहा है लेकिन राजस्व कर्मी विवाद का निवारण करने के बजाय भूमि की स्थिति को ही बदल दे रहे हैं। इधर आवंटित भूमि को लेकर विवाद होने के कारण विस्तार का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

**खास बातें**
- अन्य लोगों ने भी जमा लिया है कब्जा
- फीडर विस्तार से मिलेगी अघोषित कटौती से मुक्ति

शहर में लगातार बढ़ रही विद्युत खपत एवं आए दिन हो रही अघोषित विद्युत कटौती से बचने के लिए विद्युत वितरण कंपनी ने शहर सहित पूरे सरगुजा में अधिक क्षमता का विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना करने की योजना बनाई है तथा विभाग को विद्युत वितरण केन्द्रों की स्थापना के लिए स्थल चिन्हांकित करने निर्देशित किया है। जब तक भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं होती प्रस्तावित योजनाओं की स्वीकृति संभव नहीं है। विद्युत आपूर्ति में आए दिन आ रहे व्यवधान के कारण विभाग काफी दबाव में है। शासन द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को विशुनपुर में खसरा क्रमांक 28/26 एवं 38/11 रकबा 1.69 एवं 1.043 हेक्टेयर कुल 2.66 हेक्टेयर भूमि वर्षों पूर्व आवंटित किया गया है। आवंटित भूमि के आधे हिस्से में पूर्व से विद्युत उपकेन्द्र संचालित है। विभाग ने खसरा क्रमांक 38/17 के 1.69 हेक्टेयर में स्वीच यार्ड का विस्तार करने फेसिंग को शिफ्ट करने की योजना बनाई है लेकिन भूमि में आंबा केन्द्र सहित अन्य अवैध निर्माण होने के कारण योजना पर ब्रेक लग गया है।



विभाग की भूमि में बने अवैध मकान।

**विभाग भी बेपरवाह**

शासकीय विभाग किस तरह शासन की राशि का दुरूपयोग करते हैं यह विद्युत वितरण कंपनी को आवंटित भूमि में किए गए निर्माण कार्यों से अनुमान लगाया जा सकता है। ननि ने स्थिति की जानकारी लिए बिना ही विभाग की भूमि 7 मीटर चौड़ी सड़क बना दी। प्रशासन द्वारा इसी भूमि में आबां भवन का निर्माण कराया गया है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत विभाग द्वारा भूमि के बीच से केशवनगर-सांडबार सड़क का निर्माण किया गया है। भूमि के बड़े क्षेत्र में अतिक्रमण कर इंदिरा आवास एवं अन्य घरों का निर्माण किया गया है। विद्युत अधिकारी स्वयं के व्यय से दूसरी सड़क बनाने के लिए ननि एवं पीएमजीएसवाई की अनापत्ति लेने कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी अनापत्ति भी नहीं दे रहे हैं। जल्द विवाद का निराकरण नहीं हुआ तो विद्युत विस्तार का कार्य खटाई में पड़ सकता है।

**तीन फीडर का विस्तार प्रस्तावित**

विभाग की योजना स्वीच बोर्ड का विस्तार एवं फेंसिंग शिफ्टिंग करने के साथ ही 132 केवी एवं 33 केवी का तीन फीडर विस्तार करने की योजना है। एक फीडर से नवापारा खदान, दूसरे फीडर से मेडिकल कॉलेज एवं तीसरे फीडर से शहर में विद्युत आपूर्ति करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में एकमात्र 33 केवी उपकेन्द्र से आपूर्ति होने के कारण कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तावित विस्तार से ये बाधाएं खत्म हो जाएगी।

**किया जा रहा संपर्क**

स्वीच बोर्ड विस्तार की बाधाओं के निराकरण के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों एवं अतिक्रमणकारियों से नियमित संपर्क किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध मे पत्राचार भी किया गया है। अनापत्ति मिलने पर स्वयं के व्यय से सड़के बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

-रंजना खलखो
ईई, ट्रांसमिशन, विद्युत वितरण कंपनी



## जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोविंद नारायण जांगडे, कलेक्टर रोहित व्यास व पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे ने आज जिला जेल का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा कारागार में व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली तथा बंदियों के बैरक में जाकर उनसे चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनते हुए जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीमार बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी हालचाल लिए गए और रसोई घर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा, बैरकों की स्थिति, भोजनालय, स्नानघर, शौचालय, चिकित्सा व्यवस्था आदि बिंदुओं पर बारीकी से अवलोकन किया गया। इस दौरान डायमंड कुमार गिलहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, डाली ध्रुव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आए दिन ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा नागरिक अधिकार मंच द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय व रेलवे बोर्ड के सीईओ को पत्र लिख ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को हो रही असुविधाओं से अवगत कराते हुए इनके व्यवस्थित संचालन कराने की मांग की है।

पीएमओ व रेलवे बोर्ड के सीईओ को भेजे पत्र में सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने उल्लेख किया है कि सरगुजा पिछड़ा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां आवागमन के सीमित साधन ही उपलब्ध हैं, सरगुजा संभाग में कोयला प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, कोयला खदानों के कारण देश के अलग अलग कई प्रांतों के नागरिक यहां निवास करते है जो खदानों में कार्यरत है अथवा कुछ की जीविका इस पर निर्भर है, इन्हें मूल निवास आने जाने सहित स्थानीय लोगों को पढ़ाई, चिकित्सा के लिए रायपुर, बिलासपुर अथवा नागपुर आने जाने में भारी असुविधाओ का सामना करना पड़ता है जिसकी मुख्य वजह ट्रेनों की लेटलतीफी से संचालन है।

- सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने पीएमओ एवं रेलवे बोर्ड को लिखा पत्र

अम्बिकापुर से संचालित होने वाली 18242 अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस जो अम्बिकापुर से रात्रि साढ़े दस बज चलकर जिसका रायपुर पहुँच समय दूसरे दिवस प्रातः आठ पैंतीस बजे है यह गाड़ी अक्सर विलंब से रायपुर पहुंचती है जिस कारण सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ के यात्रियों को गंतव्य से आगे की यात्रा करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन के विलम्ब से रायपुर पहुंचने से दक्षिण भारत, मुम्बई व उत्तर भारत की गाड़ियां छूट जाती है जिससे सरगुजा के नागरिक अपने आपको ठगा महसूस करते हैं। साथ ही प्रातः हवाई यात्रा के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों के यात्रा से लोग वंचित रह जाते हैं। वही प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों को भी ट्रेनों की लेट लतीफी से कई बार परीक्षा से वंचित होना पड़ जाता है जो आर्थिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित होते हैं। ट्रेनों के समय पर नही पहुंचने से मेडिकल जांच,अस्पताल में दिखाने व नंबर लगाने की सुविधा से वंचित रह जाते हैं।पत्र में नागरिक अधिकार मंच ने उल्लेख किया है कि यदि अम्बिकापुर दुर्ग ट्रेन अगले दिन प्रातः सात बजे रायपुर पहुंच जाए तो जोन की प्रमुख गाड़िया यात्रियों को आगे की यात्रा के लिए मिल जाएंगी जिससे उनकी यात्रा सुगम हो जाएगी साथ ही हवाई यात्रा के लिए भी आसानी होगी। पत्र में अम्बिकापुर दिल्ली सुपर फास्ट ट्रेन का ठहराव बिश्रामपुर स्टेशन में नहीं देने से नगर समेत आसपास के यात्रियों को हो रही असुविधा पर ध्यान आकर्षित कर बिश्रामपुर स्टेशन में इसके ठहराव की मांग के साथ इसका नाम सरगुजा सुपर फास्ट एक्सप्रेस किए जाने की मांग की है। सरगुजा नागरिक अधिकार मंच के सदस्यों अंशुमान तिवारी, प्रदीप गर्ग, रामरतन मित्तल, वीरेश सिंह, जतिन तायल, अशोक जिंदल, रामचंद्र गोयल ने प्रेषित पत्र को संज्ञान में लेते हुए पीएमओ से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## जल-जीवन मिशन में कांग्रेस सरकार ने किया घोटाला: अनुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- उप मुख्यमंत्री अरुण साव से प्रदेश प्रवक्ता ने की शिकायत

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने सरगुजा संभाग में जलजीवन मिशन योजना के कार्यों में की गई गड़बड़ी की शिकायत उप मुख्यमंत्री अरुण साव से की है।

उन्होंने भारत सरकार के नल से जल, जल जीवन मिशन योजना के तहत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पीएचई द्वारा बलरामपुर, सरगुजा व सूरजपुर जिले में किए गए कार्यों में गड़बड़ी की जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की सुलभ व्यवस्था बनाने मोदी सरकार के भागीरथी प्रयास को बुरी तरह से लूटने का प्रयास पूर्व की भूपेश बघेल की कांग्रेस में किया गया है। हजारो करोड़ का काम होने के बाद भी 80 प्रतिशत गांव में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कहीं पाइप लाइन बिछाकर नल पोस्ट खड़े कर दिए गए है तो कहीं ओवरहेड टैंक ही नहीं है। वहीं कई थानों पर जल स्त्रोत नहीं है। उन्होंने बताया कि सरगुजा के उदयपुर, मैनपाट, सूरजपुर जिले प्रतापपुर, प्रेमनगर, बलरामपुर जिले के शंकरगढ़, कुसमी सहित अन्य स्थानों पर कार्य पूर्ण होने के बाद भी योजना का लाभ आमजन को नही मिल पा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में इस योजना में निरंतर भ्रष्टाचार बंदरबांट की शिकायत प्राप्त हो रही थी। जमीनी स्तर पर काम होने के बाद भी यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। यही कारण है कि ग्रामीणजन हैंडपंप की मांग करते नजर आ रहे हैं।

भाजपा सरकार अस्तित्व में आने के पूर्व वर्ष 2021-22 में वर्क आर्डर ले-आउट की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी जो ज्यादातर स्थानों पर अपूर्ण है एवं मनमानी कार्य को अमलीजामा पहनाया गया है। उन्होंने मामले में प्राक्कलन और भुगतान के आधार पर जांच कराकर आवश्यक रिकवरी कराने और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### घर पर बच्ची ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राजपुर**। छोटी बच्ची द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मरकाडांड निवासी 50 वर्षीय बुधराम 23 जून की सुबह खेत पर काम करने के लिए गया हुआ था और उसकी बहु सुनीता ईंट भट्ठा गई हुई थी व पुत्र श्याम लाल भी राजपुर गया हुआ था। घर पर उसकी 11 वर्षीया नातिन विनीत उर्फ राधा आ. श्याल लाल गोंड मौजूद थी। सुबह लगभग 9 बजे बच्ची का पिता श्याम लाल घर पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसे में उसने अपनी बेटी को आवाज लगाई। अंदर से कोई आवाज नहीं आने और दरवाजा नहीं खुलने पर श्यामलाल ने दरवाजे को लात मारकर तोड़ा। युवक जब अंदर पहुंचा तो उसकी बेटी घर के म्यार में साड़ी के सहारे फांसी से लटकी हुई थी। बेटी को फांसी पर झूलता देख पिता ने शोर मचाकर पड़ोसी शिव बालक को बुलाया और बच्ची को उन्होंने फांसी से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। मृतिका के दादा ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है लेकिन छोटी बच्ची द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस घटना से परिजन सदमें में है। पुलिस द्वारा पीएम रिपोर्ट के आधार पर वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।

### खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

थाने के समीप खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का गिरोह मध्यप्रदेश से सरगुजा आकर डीजल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि झारखण्ड गढ़वा अंतर्गत धंगरडिहा निवासी इसरार अंसारी 22 जून को अपने ट्रक क्रमांक सीजी 30 ए 0103 को लेकर दुर्ग जा रहा था। इस दौरान चालक रात के समय अपने ट्रक को मणीपुर थाना के समीप सांड़बार बेरियर सिंह ढाबा के समीप खड़ा कर सो गया था। देर रात डीजल टंकी से आवाज आने पर जब चालक उठा तो दो अज्ञात युवक ट्रक से डीजल चोरी कर रहे थे। चालक ने शोर मचाया जिसके बाद अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए लेकिन चोर भागने लगे। चालक व अन्य लोगों ने चोरों का पीछा किया लेकिन वे भागने में सफल रहे। इस दौरान उन्होंने ट्रक से 140 लीटर डीजल पार कर दिया था। चालक द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

### लकवाग्रस्त वृद्ध की जलने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लकवाग्रस्त एक वृद्ध की रविवार को घर में जलकर मौत हो गई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पेंडरखी निवासी 75 वर्षीय जंगी दास पिता गंवटिया दास पिछले तीन महीने से लकवाग्रस्त बीमारी से पीड़ित था। वृद्ध को घर में देखरेख का कार्य उसका भतीजा लक्ष्मण दास करता था।

इसी बीच रविवार की दोपहर में वृद्ध के बिस्तर में आग लगने से उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### कबीर पंथ कार्यक्रम में शामिल हुई सामरी विधायक उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में कुसमी सेमरा के कबीर पंथ धर्म के अनुयायियों द्वारा पूजा अर्चना का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड के बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल हुए। इस बीच श्रद्धालुओं द्वारा रैली निकाली गई। आज के कबीर पंथ पूजा अर्चना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा सहित उपस्थित सभी अतिथियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक उदेश्वरी पैकरा द्वारा लोगों को गुरु के बताए हुए मार्ग में चल कर जीवन को सुदृण बनाने की बात कही। वहीं कबीर पंथ के पदाधिकारियों द्वारा गुरु के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलने से मानव जीवन सफल होने की बात कही। विधायक से सेमरा के कबीर पंथ के लिए एक मंगल भवन स्वीकृत कराने की मांग रखी गई जिस पर सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा द्वारा मंगल भवन की व्यवस्था भविष्य में स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया।

### कुमदा खदान स्थित कच्ची पुलिया का नहीं हो सका निर्माण, ह्यूम पाइप के सहारे चल रहा आवागमन

**बिश्रामपुर**। एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र में सात आठ खदान के समीप नाला पर बना ह्यूम पाईप कच्चा पुलिया लंबे समय से प्राईवेट ठेकेदार व कम्पनी सिविल विभाग के लिए कमाई का जरिया बना हुआ है।गौरतलब है इसी पुलिया से कोल खदान के अधिकारी व कर्मचारी समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण यहां से आना जाना करते है। कम्पनी प्रबंधन उक्त कच्ची पुलिया में अब तक कोई स्थाई काम कराने में विफल रही है नतीजतन यहां पर हर बरसात के बाद नया ह्यूम पाइप लगाकर काम दिखाया जाता है और सम्बंधित ठेकेदार व सिविल विभाग का मुनाफ़ा हो जाता है। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त अस्थाई काम कराने को लेकर कई बार कम्पनी से बिलिंग हो चुकी है,स्थानीय ग्रामीणों अनुसार इतनी रक़म खर्च करने पर उक्त पुलिया पर स्थाई पक्का काम कराया जा सकता था ।बताया जाता है कि हर वर्ष बरसात के पूर्व कम्पनी प्रबंधन इसका नया निर्माण कराना दर्शाती है,फिर इसमें कई लाख रुपए खर्च होने की बिलिंग होती है।

शादी-विवाह के सीजन में बढ़ी यात्रियों की भीड़

## सूरजपुर में बगैर फिटनेस दौड़ रही अधिकांश यात्री बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शादी विवाह का सीजन शुरू होते ही बसों में यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो जाती है। ऐसे में वाहन का फिटनेस सही न हो तो यात्रियों को न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि जिले के सड़कों पर दौड़ने वाली अधिकांश यात्री बसें कंडम है बावजूद इसके सभी रूट में आवागमन करती है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। हैरानी की बात यह है कि सड़क पर दौड़ रहे कई यात्री बसों के पुराने हो जाने के बावजूद परिवहन विभाग द्वारा आज तक न तो वाहनों के मेंटेनेंस की जांच की और न किसी प्रकार कार्रवाई की गई जिससे संचालकों के हौसले बुलंद है।

**खास बात**
- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

बस स्टैण्ड से हर रोज सैकड़ों की संख्या में यात्री बस आवागमन करती है जो जिले के अलावा दूसरे शहर सहित अन्य राज्यों में यात्रियों को लाने ले जाने रवाना होती है। जिले में ही लगभग 2 सौ से अधिक यात्री बसें बस स्टैंड से रवाना होती है। इन बसों में दूर-दराज सफर करने वाली बसों का फिटनेस लम्बे सफर के कारण काफी हद तक ठीक होती है परंतु नगर से लगभग 30 से 40 किलोमीटर के क्षेत्र में सफर करने वाली यात्री बसों का फिटनेस भगवान भरोसे ही होता है। समय पर मेनटेंस नहीं होने से कई बार यात्री बसे बीच रास्ते ही जवाब दे देती है या फिर वाहन में किसी प्रकार की खराबी आ जाती है।



कंडम बस में सवारी बैठाता क्लीनर।

**की जाती है वाहनों की जांच**

यात्री बसों के अलावा अन्य वाहनों की फिटनेस की जांच समय-समय पर की जाती है। जो यात्री बसें कंडम होती है उसे दुरुस्त करने के निर्देश संचालक को दी जाती है। जिले में कंडम बसें सड़क पर दौड़ रही है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल कुमार भगत
जिला परिवहन अधिकारी

### दिव्यांग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। नाबालिग के दिव्यांग होने का फायदा उठाकर युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का खुलासा तब हुआ जब किशोरी गर्भवती हो गई। परिजन की पूछताछ के दौरान बोलने और सुनने में असमर्थ किशोरी अपनी मां को लेकर आरोपी युवक के घर तक पहुंच गई। इस घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली महिला ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी जन्म से गूंगी और बहरी है। कुछ माह पूर्व उसकी मां ने गर्भावस्था के बारे में पूछा तो युवती ने बुधराम के घर की ओर इशारा किया और अपनी मां को लेकर बुधराम के घर ले गई जहां उसने बुधराम के पुत्र कौशल का हाथ पकड़ लिया और इशारों में मां को बताया कि एक वर्ष पूर्व युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर लगातार वह उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। महिला 21 जून को पुलिस के पास अपनी पुत्री के साथ पहुंची थी। महिला की शिकायत पर पर पुलिस ने जांच उपरान्त लखनपुर कोसगा निवासी 24 वर्षीय कौशल आ. बुधराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।



24-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/24/2024 8:19 PM Page 1





# 27 साल बाद वादा निभाने आ रहा है फौजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'बॉर्डर' में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी और निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है।

## लाइफ Style

# पायल



## रेलवे में यात्रियों के लिए क्लाउड किचन किया लांच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन एक्ट्रेस और रियलिटी टीवी स्टार पायल रोहतगी, जिनका बेबाकपन उनके व्यक्तित्व की पारदर्शिता दर्शाता हैं। सच्चाई तो यह है कि अब एक्टिंग ही पायल की सफलता का दायरा नही हैं बल्कि अब ये एक बिज़नेस वीमेन भी बन चुकी हैं।

जी हां पायल ने भारतीय रेलवे में यात्रियों की सेवा के लिए क्लाउड किचन लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उद्यमशीलता की छलांग लगाई है। इस पहल का उद्देश्य ट्रेन यात्रियों के लिए उनके सफर के दौरान ताज़ा तैयार, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराकर उनके खाने के अनुभव को बेहतर बनाना है। पायल रोहतगी ने मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय करियर बनाया है, वह हिंदी फिल्मों और बिग बॉस और लॉक अप जैसे रियलिटी टीवी शो में दिखाई दी हैं, जहाँ वह उपविजेता रहीं। अपने मनोरंजन के शौक से परे, पायल के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री है और वह गुजरात बोर्ड में शीर्ष स्कोरर थीं, जिसने उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक साल पहले, पायल ने आगरा में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी, जो उनके निजी जीवन में एक नया अध्याय था। पायल ने परियोजना के बारे में कहा क्लाउड किचन भोजन की समय पर और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा। हमारी क्लाउड किचन अवधारणा हमें यात्रियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन प्रदान करने की अनुमति देती है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले भोजन के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।

## हॉलीवुड मसाला



# नहीं रहे सुपरस्टार डोनाल्ड...

**लॉस एंजिलस।** फिल्मी दुनिया से एक बुरी खबर सामने आ रही है. कनाडा के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक डोनाल्ड सदरलैंड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने 'ऑर्डिनरी पीपल' और 'हंगर गेम्स' जैसी फिल्मों में काम किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लॉस एंजिल्स में फेमस एक्टर ने लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर के निधन की जानकारी उनके बेटे किफर सदरलैंड ने दी।



# अब फ्रांस व ब्रिटेन में भी रिलीज होगी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'...

**लॉस एंजिलस।** ऋचा चड्ढा और अली फजल बॉलीवुड के पावर कपल हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं.।यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स भारत के पुशिंग बटन स्टूडियो, फ्रांस के डोल्से वीटा फिल्म्स और ब्लिंक डिजिटल के बीच एक इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण है। इस मौके पर ऋचा ने कहा, 'हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 'वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं।



# 'नागवधू-एक...' में नजर आएंगी पोलोमी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने 'पौराशपुर', 'नागिन 6' और 'बारिश' जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, "मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है। 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है।



# 'घायल शेर...' गर्दा काटने आ रहे हैं गुड्डू भैया

**नई दिल्ली।** पॉपुलर क्राइम-ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस को मेकर्स ने सरप्राइज दिया है। दरअसल मेकर्स ने जहां इस सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है तो वहीं 'मिर्जापुर 3' की पहली झलक टीजर से सामने आ गई है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है-" मिर्जापुर सीजन 3 का प्रबंध कर दिए हैं, डेट नोट कर लीजिए, मिर्जापुर प्राइम पर 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें पंकज त्रिपाठी कालीन भैया का अहम रोल प्ले करेंगे। साथ ही सबके चहेते अली फजल गुड्डू भैया के रोल में दिखाई देंगे। इस सीरीज में रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। शो में इस बार मुन्ना भैया का रोल निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आएंगे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस : इस बार हर सीजन से होगा अलग

**मुंबई।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के ग्रैंड प्रीमियर का आगाज जियो सिनेमा पर हो गया है और इस बार शो को फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस बार का 'बिग बॉस' बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इसमें टीवी-फिल्मों के कलाकार के साथ यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स भी अपना दम दिखाने वाले हैं। सबसे खास बात ये है कि इस बार घर के अंदर एक बाहर वाला होगा। यानी जासूस, जो अंदर बैठकर बाहर की खबर रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस' ने सभी कंटेस्टेंट को बारी-बारी से कन्फेशन रूम में बुलाया और उन्हें मोबाइल फोन दिए। इसके जरिए वह दूसरे कंटेस्टेंट्स से बात कर सकेंगे और बिग बॉस से मैसेज रिसीव कर पाएंगे। इसमें उन्हें समय का भी पता चलता रहेगा। इसमें सिम नहीं होगा। आपको बता दें 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का ग्रैंड प्रीमियर 21 जून की शाम 9 बजे हो चुका है।

### लव कटारिया को फोन देकर बिग बॉस ने दी सलाह

बिग बॉस ने लव कटारिया को फोन देते हुए कहा कि वह न तो इसे किसी के साथ शेयर करेंगे और न किसी और सदस्य को दिखाएंगे। न ही अपना पासकोड किसी और को बताएंगे। इस पर एक एप्लीकेशन है, चैट एप्लीकेशन, इससे दूसरे सदस्यों के साथ चैट कर सकेंगे। ये मौका अभी नहीं, बाद में मिलेगा।

### सना सुल्तान हैं शो की पहली जासूस

वहीं, सना सुल्तान, जो कि एजेंट बनकर गई हैं, वह बाहरवाली हैं और उन्हें बिग बॉस के जरिए सारी जानकारी मिलती रहेगी। बिग बॉस ने उन्हें बताया है कि उन्हें इम्युनिटी मिलेगी और उन्हें नॉमिनेट नहीं किया जाएगा लेकिन अगर लोगों को लगता है कि वह जासूसी अच्छे से नहीं कर रही हैं तो उनकी जगह दूसरा कोई कंटेस्टेंट ले सकता है और हर हफ्ते जासूस बदला जाएगा।

### बिग बॉस में इस बार नजर आएंगे ये

बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। इस घर में दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, रूरल एरिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां , पत्रकार दीपक चौरसिया समेत कई अलग-अलग चेहरे नजर आएंगे। सलमान खान की जगह अनिल कपूर तो नजर आ ही रहे हैं। इसके अलावा नियमों में भी काफी बदलाव किए गए हैं। अभी फोन और एजेंट वाली चीजें जोड़ी गई हैं। आने वाले समय में और भी कुछ धमाका हो सकता है।

# राजकुमार ने 24 में से दी 17 फ्लॉप फिल्में...



**नई दिल्ली।** साल 2010 में करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार राव आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने करियर में वह अब तक सिर्फ एक ही ब्लॉकबस्टर दे पाए हैं। एक्टर ने अपनी लाइफ में ऐसा भी समय देखा है जब उनके पास फीस भरने तक के पैसे नहीं थे। राजकुमार राव की कई ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं किया। इसमें करीब 17 फिल्में हैं, जो फ्लॉप की कैटेगरी में रहीं। वहीं, सुपरहिट केवल एक फिल्म रही। राजकुमार राव ने अपने 24 साल के करियर में महज एक सुपरहिट फिल्म दी है। उनकी ये फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म थी। इतने साल के करियर में राजकुमार ने सिर्फ एक 100 करोड़ी यही एक फिल्म दी थी, जिसका नाम है 'स्त्री'। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों जान्हवी कपूर संग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आ रहे हैं। अपने 14 साल के करियर में उन्होंने कई हिट और फ्लॉप फिल्मों में काम किया है। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई छोटे-छोटे रोल निभाए, लेकिन देखते ही देखते वह इंडस्ट्री के स्टार बन गए। राजकुमार राव ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी। इसके बाद सालों तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें सही मुकाम मिला और उनके किरदार लोगों को पसंद आने लगे। लेकिन बीते कुछ समय से वह किसी हिट फिल्म में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, अपने हर किरदार के लिए वह काफी हार्ड वर्क करते हैं।

# वेब सीरीज में धमाल मचाने के लिए तैयार



**मुंबई।** पिछले कुछ साल फिल्मों, वेब प्रोजेक्ट्स और म्यूजिक वीडियो में धूम मचाने वाली अलंकृता अब वेबसीरीज में धमाल मचाने तैयार हैं। प्रतिभाशाली और मेहनती अभिनेत्री अब अपनी अगली वेब श्रृंखला 'पति पत्नी और कांड' के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एमएक्स प्लेयर, अतरंगी और जियो सिनेमा के सहयोग से है। अलंकृता इस प्रोजेक्ट में सुनैना का किरदार निभा रही हैं और हम बेहद उत्साहित हैं। इसके बारे में पूछे जाने पर, अलंकृता ने कहा कि भगवान का शुक्रिया, पिछला साल विशेष रूप से मेरे लिए काफी अच्छा रहा है। मेरे काम को अच्छे पुरस्कारों के साथ मान्य किया गया है और उन्हें नए अच्छे काम के साथ आगे बढ़ाया गया है। टिप्पी विशेष थी और उसके लिए मुझे जो प्यार मिला उसके बाद मैं अपनी अगली फिल्म में कुछ दिलचस्प और अलग करने की उम्मीद कर रही थी और तभी 'पति पत्नी और कांड' मेरे पास आई जिसमें मेरा किरदार सुनैना का है। मैं वास्तव में इस परियोजना में अच्छा प्रदर्शन करने और एक बार फिर अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं।


## पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा हुआ प्यार

# बॉलीवुड के इन अभिनेताओं को तलाक के बाद मिला सच्चा प्यार

*__मुंबई।__ बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी लंबी शादी के बाद तलाक ले लिया और इसके बाद उन्हें सच्चा प्यार मिला। ऋतिक रोशन जैसे ऐसे कई कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी शादी के कई सालों बाद तलाक लिया। पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा प्यार हुआ और अब वे अपनी जिंदगी में बेहद खुश हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।*



**ऋतिक रोशन :** ऋतिक और सुजैन खान ने 2013 में शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला किया था। उनकी लव मैरिज साल 2000 में हुई थी, जिसके बाद दोनों के 2 बेटे हुए। तलाक के बाद अब ऋतिक और सुजैन दोनों को ही प्यार मिल गया है। ऋतिक इन दिनों अभिनेत्री सबा आजाद को डेट कर रहे हैं, जो उनसे 12 साल छोटी हैं। ऋतिक और सबा अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते दिखते हैं।



**अर्जुन रामपाल :** अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। उन्होंने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। दोनों की शादी 20 साल चली और 2019 में उनका तलाक हो गया। अर्जुन और मेहर की 2 बेटियां हैं। मेहर से तलाक के बाद अर्जुन का अफेयर साउथ अफ्रीकी मॉडल गैब्रिएला से शुरू हुआ। दोनों पिछले काफी वक्त से लिव इन में रह रहे हैं और उनके 2 बेटे हैं।



**सैफ अली खान और अरबाज खान :** सैफ अली खान ने 1991 में अभिनेत्री अमृता सिंह से शादी की थी। 13 साल बाद 2004 में दोनों का तलाक हो गया और सैफ ने करीना कपूर के साथ अपना घर बसाया, जिनके साथ उनके 2 बेटे हैं। उधर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा ने 18 साल तक शादी में रहने के बाद 2016 में अलग होने का फैसला किया। उनका एक बेटा है। 2023 अरबाज ने खुद से 25 साल छोटी मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की।



**पुलकित सम्राट और फरहान अख्तर :** पुलकित सम्राट ने 4 साल की डेटिंग के बाद अभिनेत्री कृति खरबंदा से इसी साल शादी रचाई। इससे पहले उन्होंने 2014 में सलमान खान की राखी बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी, लेकिन शादी के 11 महीने बाद दोनों अलग गए थे। दूसरी ओर फरहान अख्तर ने 1998 में सेलेब हेयरस्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। 16 साल साथ रहने के बाद उनका तलाक हुआ। फिर फरहान को शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। 2022 में उनकी शादी हुई।





## खबर संक्षेप



### ग्रापं में स्वच्छता दीदियां कर रही कचरा कलेक्शन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में स्वच्छता दीदियों को कचरा कलेक्शन के बारे में जिला समन्वयक के प्रशिक्षण के बाद स्वच्छता दीदियों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन का काम किया जा रहा है, इससे गांव में साफ-सफाई का एक अलग ही माहौल बन रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ये महिलाएं स्वच्छता दीदियों के रूप में सुबह-सुबह घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन का काम कर रहीं हैं। कचरा कलेक्शन के साथ ही ये दीदियां गांव को स्वच्छ बनाने में लोगों को सहयोग करने के साथ ही कचरा निपटान के संबंध में भी जागरूक करने का काम कर रहीं हैं।

### कामगारों को दुर्घटना बीमा का लाभ देने की उठाई मांग



**कोरबा।** कोल इंडिया और अनुषांगिक कपंनियों के नियमित और ठेका कामगारों को दुर्घटना बीमा का लाभ देने की मांग की गई है। इस संदर्भ में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के कोल प्रभारी एवं सीआईएल अपेक्स जेसीसी सदस्य के. लक्ष्मा रेड्डी ने चेयरमैन को पत्र लिखा है। श्री रेड्डी ने पत्र में कहा है कि हाल ही में सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के लाभार्थ जीवन बीमा योजना के अंतर्गत कुछ बैंकरों के साथ समझौता किया है, जिसके तहत प्रत्येक स्थायी कर्मचारी का एक करोड़ और प्रत्येक ठेका कर्मचारी का 40 लाख का दुर्घटना बीमा शून्य प्रीमियम के साथ किया जा रहा है। बीएमएस नेता ने कहा कि सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की उनके कर्मचारियों के हितार्थ की गई यह एक सराहनीय पहल है तथा इस प्रकार की व्यवस्था का अनुकरण कोल इंडिया और उसकी अनुषांगिक कंपनियों में भी बैंकरों से संपर्क स्थापित कर नियमित और ठेका कर्मचारियों के हितार्थ किया जा सकता है।

## पेज 1 का शेष...

### कोयलांचल नगरी चिरमिरी ...

कंपनी संयुक्त रूप से एक साथ मिलकर कोयला का उत्खनन करेंगे तथा बरतुंगा कोल प्राइवेट लिमिटेड में दो कंपनी एक साथ मिलकर कोयला उत्पादन करेंगे। अंजन माइनिंग के साथ प्रबंधन द्वारा 25 वर्ष के लिए कोयला उत्खनन का करार किया गया है, इसके तहत प्रमुख रूप से 21 वर्ष कोयला उत्पादन होगा, इसमें औसत उत्पादन 11.79 लाख टन प्रतिवर्ष का टारगेट रखा गया है। वहीं बरतुंगा हिल में भी दो कंपनी बरतुंगा कोल प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर उत्पादन करेगी, जिसकी अवधि 25 वर्ष की होगी दोनों कंपनी 22 वर्ष उत्पादन करेंगे। औसत उत्पादन 18.14 लाख टन प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। प्रबंधन एवं निजी ठेकेदार दोनों के द्वारा संभावना जताया गया है कि दोनों माइंस के प्रारंभ होने से क्षेत्र में रोजगार के गति में तेजी आएगी। खदान के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है। वर्ष 2025 से कोयला उत्पादन होने की संभावना मानी जा रही है।

### कांग्रेसी पार्षदों के ...

15 तक कई वार्ड ऐसे हैं, जहां मरम्मत कार्य आज दिनांक तक नहीं हुआ है। इस कारण उस वार्ड के पार्षद एवं जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कांग्रेसी पार्षदों के वार्डों में मरम्मत कार्य या कोई निमार्ण कार्य नहीं किया गया है। जर्जर सड़क, जर्जर नाली, चबूतरे का निर्माण इत्यादि कार्य करवाना अति आवश्यक है। ज्ञापन में कांग्रेसी पार्षदों ने लिखा है कि बरसात का मौसम आने वाला है, इससे जीव-जंतु, जानवर, सांप का खतरा बना रहता है। विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट लंबे समय से खराब है, इससे वार्डवासियों की जान का खतरा हो सकता है। जनहित को देखते हुए जल्द से जल्द विभिन्न वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने की भी मांग की गई। इन सभी समस्याओं को लेकर कांग्रेस के 6 पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्य करवाए जाए, इससे नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो और नगर की आम जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित ना होना पड़े।

समक्षः- श्रीमान नोटरी महोदय बैकुन्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)
-::शपथ पत्र::-
मैं ईश्वर कुमार आ. साधुचरण जाति कवंर आयु 46 वर्ष निवासी रामपुर बैकुण्ठपुर थाना व तह. बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि निम्नांकित कथन करता हूँ-
01/- यह कि, मेरे कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं के अंकसूची में मेरा नाम (ESHWAR KUMAR) दर्ज है। 02/- यह कि, मेरे आधार कार्ड तथा पेन कार्ड में मेरा नाम (ISHWAR KUMAR) दर्ज है।
03/- यह कि, मैं मुझे पासपोर्ट की आवश्यकता है मैं अपना पासपोर्ट बनवाना चाहता हूं। यह कि मेरे आधार कार्ड तथा पेन कार्ड का नाम सत्य एवं सही माना जावे तथा आधार कार्ड व पेन कार्ड का नाम (ISHWAR KUMAR) पासपोर्ट में दर्ज किया जावे जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।
हस्ताक्षर शपथकर्ता
-::सत्यापन::-
मैं ईश्वर कुमार आ. साधुचरण यह सत्यापन करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 एवं 03 के कथन सत्य एवं सही है। आज दिनांक 24/06/2024 को स्थान बैकुन्ठपुर में सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर किया।
हस्ताक्षर शपथकर्ता

## प्रधानमंत्री आवास योजना की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# तेजी से मकान बनाने वाले हितग्राहियों को करें प्रोत्साहित

**10 हजार 871 पात्रों ने योजना का लाभ लेकर पक्के आवास का निर्माण पूरा कर लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 13 हजार 416 पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान बनाए जाने के लिए योजना का लाभ दिया गया है। अब तक इनमे से 10 हजार 871 हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर अपने पक्के आवास का निर्माण पूरा कर लिया है।

इनके अलावा पात्र हितग्राहियों को दूसरी किस्त और तीसरी किश्त का आवंटन जारी किया जा चुका है। जिले के 2 हजार 545 हितग्राहियों को जल्द आवास पूरा कराने के लिए सभी मैदानी अधिकारी-कर्मचारी निरंतर संपर्क करें। तेजी से अपने पक्के आवास बनाने वाले हितग्राहियों को लगातार प्रोत्साहित करें, इससे कोरिया के लक्ष्य समय पर पूरा हो सके। उक्ताशय के निर्देश जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी



अधिकारियों की बैठक लेते सीईओ डा.आशुतोष चतुर्वेदी।

डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने मंथन कक्ष में आवास योजना की समीक्षा के दौरान व्यक्त किए। शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास की प्रगति का आंकलन करने के लिए जिला पंचायत में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तकनीकी सहायकों के साथ सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत वार प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कमजोर प्रगति वाले तकनीकी सहायक और ग्राम रोजगार सहायकों को जमकर फटकार लगाई और समय-सीमा का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आप सभी के प्रयास से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रति सप्ताह औसतन 15 से 20 मकान पूर्ण हो रहे हैं और इसे तेजी से पूरा करने की जरूरत है। सोनहत और बैकुंठपुर जनपद के सभी ग्राम पंचायतों की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने मृत हो चुके हितग्राहियों के वारिसों को योजना का लाभ देने तथा लंबे समय से राशि मिलने के बाद भी आवास निर्माण न करने वाले हितग्राहियों के विरुद्ध वसूली के प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले 2 ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए एक दिन का अवैतनिक किए जाने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के सीईओ, एसडीओ, आरईएस तथा कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को भी नियमित क्षेत्र में भ्रमण कर हितग्राहियों से संवाद करने के निर्देश भी दिए। बैठक में योजना से संबंधित अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## संभाग स्तरीय शतरंज में कोरिया से 16 बच्चे शामिल

**बैकुण्ठपुर।** जिला शतरंज संघ सरगुजा एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग छग द्वारा संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का दो दिवसीय प्रतियोगिता हर्षोउल्लास से संपन्न हुआ। इसमें सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों से प्रतिभागी विशेष कर स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इसमें विभिन्न कैटेगरी में प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इसमें अंडर 9 बालक- बालिका, अंडर 15 बालक- बालिका, अंडर 19 बालक -बालिका एवं ओपन कैटेगरी में सात चरणों में यह प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोरिया जिले से 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें सबसे अधिक 6 बच्चे जोकि किड्स वर्ल्ड पब्लिक हाईस्कूल हरापारा बैकुंठपुर के छात्र हैं, जिन्होंने अपना हुनर इस शतरंज के प्रतियोगिता में दिखाया, साथ ही -साथ इस प्रतियोगिता में अंडर 9 और अंडर 15 बालिका वर्ग में कोरिया जिला के प्रतिभागी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर कोरिया जिले का नाम रौशन किया है। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जिला शतरंज संघ कोरिया ने भी अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इन बच्चों को और आगे भी विभिन्न प्रतियोगिताएं जिला शतरंज करता रहेगा और बच्चों को शतरंज के दुनिया में आगे बढ़ाने के लिए एक रास्ता प्रदान करता रहेगा।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ. मुखर्जी

**डोमनहिल।** चिरमिरी भाजपा मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष डमरू बेहरा के नेतृत्व में संगठन के निर्देशानुसार रविवार 23 जून को डोमनहिल स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक में एकत्रित होकर डॉ.मुखर्जी के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाते हुए उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री बेहरा ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे।

संसद में अपने भाषण में उन्होंने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराउंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिए 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था, नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान। इस अवसर पर मुख्य रुप से वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता डॉ. गौतम विश्वास, प्रेमकांता झा, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह,सत्यनारायन सिह,



जगेश्वर राउत, रण विजय सिंह,अजय सिंह, राजकुमार बधावन, मनदीप गिरी, पतिराज सिंह, मनराज मैर्य, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 12वीं की 23 और 10वीं की 24 जुलाई से दूसरी मुख्य परीक्षाएं

**कोरबा।** बोर्ड की मुख्य परीक्षा दो बार ली जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। किसी सब्जेक्ट में फेल या श्रेणी सुधार करने वाले छात्र आवेदन देकर सेकेंड चांस के लिए अप्लाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरक परीक्षा की जगह हर साल दो बार मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इस बार सेकेंड चांस के लिए 10वीं की परीक्षा 24 जुलाई से और 12वीं की परीक्षा 23 जुलाई से शुरू होगी। सीजी बोर्ड की परीक्षा दे चुके छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। फेल हुए छात्र, सप्लीमेंट्री के छात्र और पास हुए छात्र भी इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। माशिमं की ओर से कहा गया है कि वैसे परीक्षार्थी जो पूरक हैं, फेल हैं या फिर अपना रिजल्ट बेहतर करना चाहते हैं, वो परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। माशिमं की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक दूसरी मुख्य परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ छात्र 21 जून से 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। साथ ही लेट फीस के साथ 1 और 2 जुलाई तक भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

## नए कानूनों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्ययोजना तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

1 जुलाई से देश में तीन महत्वपूर्ण कानून क्रमशः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावशील होने जा रहे हैं।

पुलिस मुख्यालय छग द्वारा इस संबंध में प्रचार-प्रसार किए जाने के लिए आदेशित किया गया है। अतः तीनों अधिनियम के प्रभावशील होने के पूर्व जिला एवं स्थानीय क्षेत्रों में बैनर, पोस्टर, बैनर, चलित थाना, रैली, विभिन्न जागरूकता अभियान आदि माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। मनेन्द्रगढ़ अनुभाग के लिए प्रचार-प्रसार किए जाने के लिए टीम का गठन इस प्रकार किया गया है। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ़ सहायतार्थ उप निरीक्षक सुनील वितारी थाना प्रभारी झगराखांड़, थाना झगराखांड़ का बल आरक्षक 01 थाना महिला आरक्षक 01, मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के लिए निरीक्षक अमित कश्यप थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़, थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़ का बल, आरक्षक 01 थाना महिला आरक्षक 01, जनकपुर क्षेत्र के लिए निरीक्षक दिपेश सैनी रक्षित केन्द्र मनेन्द्रगढ़ सहायक उप निरीक्षक राकेश शर्मा चौकी प्रभारी खोंगापानी, थाना झगराखांड़ का बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01, चिरमिरी अनुभाग के लिए उप निरीक्षक ओपी दुबे थाना प्रभारी जनकपुर थाना जनकपुर बल,

**खास बात**

- जिला एवं स्थानीय क्षेत्रों में बैनर, पोस्टर, बैनर, चलित थाना, रैली के माध्यम से चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01 चिरमिरी क्षेत्र के लिए नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी, सहायतार्थ रामनयन गुप्ता थाना प्रभारी खड़गवां, प्रधान आरक्षक लालमोर ध्वज, रीडर नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी, थाना झगराखांड़ बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक, चिरमिरी क्षेत्र निरीक्षकर अमित कौशिक थाना प्रभारी चिरमिरी, थाना चिरमिरी का बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01, उप निरीक्षक गंगा साय पैकरा थाना प्रभारी पोंड़ी, थाना पोंड़ी का बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01। नवीन कानूनों के प्रचार-प्रसार के लिए निम्मप्रकार कार्ययोजना तैयार की गई है। चेम्बर ऑफ कामर्स 24 जून, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता 25 जून, स्थानीय महिला संगठन 26 जून, सरपंच, सचिव 27 जून, आटो चालक 28 जून मनेन्द्रगढ़ में, जनपद कार्यालय जनकपुर में 28 जून, स्थानीय बाजार तथा व्यापारिक संगठन कोटाडोल में 30 जून को, स्थानीय बाजार, व्यापारिक संगठन केल्हारी में 29 जून को किया जाना है। नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अधिकारी अपने अनुविभाग में उपरोक्त दर्शित अनुसार टीम के माध्यम से 1 जुलाई से प्रभावशील होने जा रहे नवीन कानूनों के संबंध में स्थानीय क्षेत्र में बैनर, पोस्टर, पॉम्पलेट, चलित थाना, रैली, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम से प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे। 30 जून तक की कार्ययोजना बनाकर आपकी ओर भेजी जा रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर दर्री के नगर निगम जोन कार्यालय के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक बालक सहित तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर निवासी अजय लाल यादव 40 वर्ष व उसका दोस्त नरेंद्र बंजारे व नरेंद्र का 7 वर्षीय पुत्र प्रशांत शनिवार को किसी काम से मोटर सायकल में सवार होकर कोरबा आए हुए थे जहां से काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहे थे कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के जोन कार्यालय के समीप कार क्रमांक सीजी 12 बीबी 6805 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया था जहां गंभीरावस्था में तीनों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान अजय यादव व नरेंद्र बंजारे की मौत हो गई है। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है जबकि नरेंद्र बंजारे के पुत्र प्रशांत का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।



### पुलिस चला रही है अभियान

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिया जाए सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। इसी कड़ी में थाना पसान, चौकी मोरगा एवं जटगा के द्वारा ग्राम तेलियामार, उच्चलेंगा एवं रावा में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों की बैठक ली गई। बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहा गया।

### ओवरस्पीड के खिलाफ पुलिस ने छेड़ा अभियान

जिले में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर पुलिस प्रशासन चिंतित है और हादसों को रोकने के लिए ओवरस्पीड के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस के द्वारा ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया जहां कुल 40 ओवरस्पीड गाड़ियों पर चलानी कार्यवाही की गई और कुल 56 हजार रुपए समन शुल्क जमा कराया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में ओवर स्पीड वाहन पर कुल कार्यवाही 124 थी और इस वर्ष 5 1/2 माह में ही 179 कार्यवाही कर ली गई है जो क़रीबन 144 प्रतिशत की वृद्धि है।एवं 1 लाख 68 हजार समन शुल्क वसूला गया। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों एवं बाजार में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया।

### गीतकुंआरी के जंगल में हाथियों ने डाला डेरा

**कोरबा।** जिले के जंगलों में हाथियों के विचरण से ग्रामीण दहशत में है। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में हाथी समस्या यथावत बनी हुई है। यहां 7 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जो विगत 5 दिनों से गीतकुंआरी के जंगल में डेरा डाले हुए है। हाथियों के क्षेत्र में मौजूद रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि हाथियों ने अब तक यहां बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। फिर भी ग्रामीणों को डर है कि कहीं क्षेत्र के जंगल में मौजूद हाथी उनकी बस्ती में घुसकर जान-माल को नुकसान न पहुंचा दे। वन विभाग का अमला हाथियों की लगातार निगरानी में जुटा हुआ है। उनकी लगातार यह कोशिश है कि हाथी जंगल ही जंगल विचरण करता रहे और आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचने न पाए। गीतकुंआरी व आसपास के गांव में वन विभाग लगातार मुनादी करा रहा है। ग्रामीणों को सावधान करने के साथ ही हाथियों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी जा रही है।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**डोमनहिल।** भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा एवं पौधरोपण के तहत छठघाट हल्दीबाड़ी में पौधरोपण कर उनके संरक्षण का शपथ लिया गया। भाजपा नेता डॉ.गौतम विश्वास ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रकृति स्वस्थ रहेगी, तभी मानव सभ्यता का विकास हो सकता है। प्रकृति को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कम से कम सात वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान पर कार्यकर्ता 6 जुलाई तक लाखों पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देंगे। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया। उन्होंने कहा कि अगर पर्यावरण को बचाना



है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पहाड़ी के नीचे मैदानी क्षेत्र में छठघाट का निर्माण किया गया है, इसके चारों ओर घेराबंदी कर छठघाट स्थल को सौंदर्य एवं प्राकृतिक परिपूर्णता से सराबोर के उद्देश्य अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प दिया गया है। पूर्व में भी जो पेड़ लगाए गए थे, उनका संरक्षण कर उनके पोषण की दिशा में कार्यकर्ताओं के द्वारा हमेशा कार्य किया जाता रहा है।

## कोया पुनेम गोंडवाना महासभा का वार्षिक सम्मेलन जनकपुर में

# समाज में व्याप्त समस्याओं के जड़ पर करेंगे कामः कमरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोया पुनेम गोंडवाना महासभा छग का वार्षिक सम्मेलन सह महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस आनंद सिंह मरावी की अध्यक्षता में महासभा के राष्टीय अध्यक्ष कोयतुर मनोज सिंह कमरो के मुख्य अतिथि में, राष्टीय सचिव विद्यासागर सिंह श्याम के विशिष्ट अतिथि में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के भरतपुर विकासखंड के मुख्यालय जनकपुर स्थित सामुदायिक भवन में संपन्न हुई।

छग प्रदेश कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष राय सिंह श्याम दूसरी बार सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किए गए। वहीं कोषाध्यक्ष प्रदेश इकाई अजीत प्रताप सिंह श्याम, प्रदेश मीडिया प्रभारी महेन्द्र सिंह मरपच्ची, एमसीबी जिला अध्यक्ष मोहन सिंह परस्ते, कोरिया जिलाध्यक्ष रमेश सिंह टेकाम, खड़गवां ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कोराम, ब्लॉक अध्यक्ष भरतपुर शंकर सिंह नेटी पुनः मनोनित किए गए। ब्लॉक सचिव खड़गवां विजय सिंह सरूता को बनाया गया है। सभी पदाधिकारियों व उपस्थित सदस्यों ने दुर्गावती के छायाचित्र को नमन करते हुए


वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित महासभा के पदाधिकारी व अन्य।

गोंडवाना के लिए किए गए कार्यो व शहादत को याद करते हुए उनसे सीख लेकर कार्य करने की आवश्यकता बताया। युवाओं को नशामुक्त करने के लिए जागरुक किया गया और छात्र-छात्राओं से नशामुक्ति व नशा के दुष्परिणाम विषय पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया। तदोपरांत निबंध लेखन शामिल सभी छात्र-छात्राओं को कोया पुनेम गोंडवाना महासभा छग द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोयतुर मनोज सिंह कमरो, प्रदेश अध्यक्ष राय सिंह श्याम के हाथों प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि तिरु. श्री कमरो ने कहा कि समाज में जो समस्याएं व्याप्त है, इनके समाधान के लिए, समस्याओं को जड़ से मिटाने के लिए उनके मूल कारणों पर काम करेंगे, ताकि सामाजिक समस्याएं कुरीतियों, कुव्यसन, अथार्भाव इत्यादि से समाज को मुक्ति मिल सके। विशिष्ट अतिथि विद्यासागर सिंह श्याम ने कहा कि महारानी दुर्गावती के साहस, संघर्षो, पराक्रम से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। तिरू. श्याम ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रदेश मीडिया प्रभारी महेन्द्र सिंह मरपच्ची ने दुर्गावती के बारे में बातें रखी और हमें संविधान से मिले अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दिए। कोरिया जिलाध्यक्ष रमेश सिंह टेकाम सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान जनपद सदस्य माया सिंह परस्ते, जिला महामंत्री सूर्यवंशी महासभा जय दिनेश वर्मा, जनपद सदस्य सुखलाल सिंह मरावी, जिलाध्यक्ष मोहन सिंह परस्ते, संजीत सिंह आयाम, रंजीत सिंह शोरी, दिनेश सिंह पोया, लाल बहादुर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

